Roll No. ..................................... Total Pages: 16

# 2303

## B.Com. Second Year EXAMINATION, 2019

## A.B.S.T.

## Paper – I

## Income Tax

Time: Three Hours

Maximum Marks: 100

***PART – A (खण्ड – अ)*** *[Marks: 20]*

*Answer all questions (50 words each).*

*All questions carry equal marks.*

*सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 50 शब्दों से अधिक न हो।*

*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

***PART – B (खण्ड – ब)*** *[Marks: 50]*

*Answer five questions (250 words each).*

*Selecting one from each unit. All questions carry equal marks.*

*प्रत्येक इकाई से **एक–एक** प्रश्न चुनते हुए, कुल **पाँच** प्रश्न कीजिए।*

*प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 250 शब्दों से अधिक न हो।*

*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

***PART – C (खण्ड – स)*** *[Marks: 30]*

*Answer any two questions (300 words each).*

*All questions carry equal marks.*

*कोई **दो प्रश्न** कीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 300 शब्दों से अधिक न हो।*

*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

# PART – A / खण्ड– अ

Q.1 (a) An assessee starts his business on –

(i) 1st September, 2017

(ii) $1^{st}$ March, 2018

In each case, what will be his assessment year and what period will be treated as his previous year for the concerned assessment year?

एक करदाता अपना व्यापार निम्न तिथियों को प्रारम्भ करता है –

(i) 1 सितम्बर 2017

(ii) 1 मार्च, 2018

प्रत्येक दशा में उसका कर निर्धारण वर्ष क्या होगा और संबंधित कर निर्धारण वर्ष के लिए उसके गत वर्ष की क्या अवधि होगी?

(b) Give five examples of income exempted under section 10 of Income Tax Act.

आयकर अधिनियम की धारा 10 के अंतर्गत पाँच करमुक्त आय लिखिए।

(c) What is the maximum deduction of interest is allowed on loan taken for construction of house which is given on rent?

किराये पर उठे हुए मकान के निर्माण हेतु लिए गये ऋण पर ब्याज की अधिकतम कटौती की क्या सीमा है?

(d) State the items of income from house property which are not liable to tax.

मकान सम्पत्ति से आय के उन मदों का वर्णन कीजिए जिन पर कर नहीं लगता है।

(e) GGT Ltd. purchases goods from Ram Ltd. for ₹ 20,000 and paid in cash. What amount is not deductible U/S 40 A (3)?

जी.जी.टी. लिमिटेड ने राम लिमिटेड से 20,000 ₹ का माल खरीदा और भुगतान नकद में कर दिया। धारा 40 A (3) के अंतर्गत कितनी कटौती नहीं मिलेगी?

(f) State –

W. D. V. of assets – Sale Value of Assets =

Sale Value of assets – W. D. V. of Assets =

बताइये –

सम्पत्ति का अपलिखित मूल्य – सम्पत्ति का विक्रय मूल्य =

सम्पत्ति का विक्रय मूल्य – सम्पत्ति का अपलिखित मूल्य =

(g) Find tax payable by Shyam for the A. Y. 2018-19 if his total taxable income of ₹ 3,12,000 includes ₹ 1,00,000 from taxable long term capital gain.

श्याम का कर–निर्धारण वर्ष 2018–19 के लिए कुल देय आयकर ज्ञात कीजिए यदि उसकी कुल कर योग्य आय 3,12,000 ₹ में 1,00,000 ₹ के कर–योग्य दीर्घकालीन पूँजीगत लाभ सम्मिलित हैं।

(h) Give the name of donations of which 50% deduction is allowed U/S 80 G without any limit.

ऐसे दानों के नाम दीजिए जिन पर बिना किसी सीमा के 80 G में 50% कटौती उपलब्ध है।

(i) Calculate the amount of tax to be deducted from these payments.

(a) Amount payable under Sub – Contract – ₹ 20,000

(b) Dividend from Jaipur Metals ₹ 5000

(c) Winning from lottery ₹ 10,000

(d) Income from salary ₹ 1,00,000

इन भुगतानों के संबंध में उद्गम स्थान पर की जाने वाली कटौती की गणना कीजिए –

(अ) उप–ठेका से प्राप्य राशि 20,000 ₹

(ब) जयपुर मेटल्स से प्राप्य लाभांश 5000 ₹

(स) लॉटरी से पुरस्कार 10,000 ₹

(द) वेतन से आय 1,00,000 ₹

(j) When and how much has an assessee who is senior citizen to pay advance tax?

एक वरिष्ठ नागरिक करदाता को कब और कितना अग्रिम कर चुकाना पड़ता है?

# PART – B / खण्ड – ब

## UNIT –I / इकाई – I

Q.2 Mr. Mohan, an Indian citizen, who is appointed as senior Professor by the govt. of Japan, leaves India, for the first time on 30th October, 2017, for joining his duties in Japan. During the previous year 2018-19 he comes to India for 182 days on 15th December. Determine the residential status of Mr. Mohan for the Assessment year –

(i) 2018-19 (ii) 2019-20

मिस्टर मोहन एक भारतीय नागरिक है, जिसे जापान सरकार द्वारा एक वरिष्ठ प्रोफेसर नियुक्त किया जाता है, जापान में अपनी ड्यूटी प्रारंभ करने हेतु पहली बार भारत को 30 अक्टूबर, 2017 को छोड़ता है। गत वर्ष 2018 – 19 के दौरान वह 15 दिसम्बर को भारत में 182 दिनों के लिए आता है। मोहन का कर निर्धारण वर्ष – (i) 2018 - 19 (ii) 2019 - 20 के लिए निवास स्थान का निर्धारण कीजिए।

**OR / अथवा**

(a) What is Agricultural Income and Partly Agricultural Income as per Income Tax Act?

(b) Whether the followings incomes are agricultural incomes? Discuss from the income tax point of view:

(i) Rent and land let out for agricultural produce.

(ii) Profit on sale of agricultural land.

(iii) Income from lettings tractors for agricultural produce.

(iv) Income from tea garden in Assam.

(अ) आयकर अधिनियम के अनुसार कृषि आय और अंशत कृषि आय क्या है?

(ब) निम्नलिखित आय कृषि आय है या नहीं? आयकर के दृष्टिकोण से विवेचना कीजिए।

(i) कृषि उत्पाद हेतु किराये पर उठी गई भूमि से प्राप्त किराया।

(ii) कृषि भूमि के विक्रय से लाभ।

(iii) कृषि कार्यों के लिए ट्रेक्टर किराये पर देने से आय।

(iv) आसाम में चाय बागानों से आय।

## UNIT –II / इकाई – II

Q.3 Mr. Sohan owns a house property in Pune which is let out for ₹ 8000 per month. Its Municipal Value is ₹ 80,000. Municipal Tax paid 30% of Municipal Value. Mr. Sohan paid Municipal Taxes of past four years along with current year previous year. Other expenses relating to property are following –

(i) Repair and Insurance Premium ₹ 7000.

(ii) Interest on loan for purchase of house ₹ 42,000.

The house remained vacant for three months during the year. Compute income from house property for the Assessment year 2018-19.

मिस्टर सोहन की पूना में एक मकान सम्पत्ति है जो 8000 ₹ प्रति माह किराये पर उठी हुई है। इसका नगर पालिका मूल्यांकन 80,000 ₹ है। नगर पालिका कर नगर पालिका मूल्य का 30% है। मिस्टर सोहन ने विगत चार वर्षों के नगर पालिका करों का तथा गत वर्ष के करों का एक साथ भुगतान किया है। सम्पत्ति से संबंधित अन्य खर्चे निम्नलिखित हैं –

(i) मरम्मत और बीमा प्रीमियम 7000 ₹

(ii) घर की खरीद के लिए ऋण पर ब्याज 42,000 ₹

मकान वर्ष में तीन माह खाली रहा। कर निर्धारण वर्ष 2018–19 के लिए मकान सम्पत्ति शीर्षक से आय की गणना कीजिए।

## OR / अथवा

(a) Write ten name of exempted perquisites as per Income Tax Act.

(b) What deductions are allowed from gross salary? State provisions.

(अ) आयकर अधिनियम के अनुसार दस कर मुक्त अनुलाभों के नाम बताइये।

(ब) सकल वेतन में से कौन सी कटौतियाँ मिलती हैं? प्रावधान बताइये।

## UNIT –III / इकाई – III

Q.4 On 1/8/1997 Mr. Ram purchased a plot for ₹ 40,000. The fair market value of the plot on 1/4/2001 was ₹ 80,000. On 3/8/2017 Mr. Ram sold the plot for ₹ 15,00,000 and paid brokerage @ 2% on sales consideration. Out of sale consideration he invested ₹ 7,35,000 in the construction of a residential house which was completed before 30/6/2018.

Compute the taxable amount of capital gains of Mr. Ram for the assessment year 2018-19 assuming that he does not own any other residential house. The lost inflation index in 2001-02 100 and in 2017-18 272.

1/8/1997 को श्री राम ने एक प्लॉट 40,000 ₹ में खरीदा। 1/4/2001 को इसका उचित बाजार मूल्य 80,000 ₹ था। 3/8/2017 को श्री राम ने प्लॉट 15,00,000 ₹ में बेच दिया तथा दलाली, आदि विक्रय मूल्य के 2% के बराबर दी गई। प्राप्त प्रतिफल में से उसने 7,35,000 ₹ एक आवासीय मकान के निर्माण पर व्यय किये जो 30/6/2018 के पूर्व बनकर तैयार हो गया था।

यह मानते हुए कि श्री राम के पास अन्य कोई रहने का मकान नहीं है कर निर्धारण वर्ष 2018–19 के लिए उसकी कर योग्य पूँजी लाभों की राशि ज्ञात कीजिए। लागत स्फीति सूचकांक 2001–02 का 100, 2017–18 का 272 है।

**OR / अथवा**

State provisions of Income Tax Act regarding the following deemed incomes –

(a) Revocable transfer of assets

(b) Income of spouse

(c) Income of minor child

(d) Income of converted asset

निम्न के संबंध में आयकर अधिनियम के प्रावधान बताइये –

(अ) सम्पत्तियों का खण्डनीय हस्तांतरण

(ब) जीवन साथी की आय

(स) अवयस्क बच्चे की आय

(द) परिवर्तित सम्पत्ति से आय

## UNIT –IV / इकाई – IV

Q.5 Explain the provisions regarding carry forward and set-off of losses.

हानियों के आगे ले जाने तथा उनकी पूर्ति के प्रावधानों को समझाइये।

**OR / अथवा**

Compute the total income and tax liability of Mr. Shyam, who is 70 years old and disabled, for the assessment year 2018-19 :

| | |
|---|---|
| Income from house property (computed) | ₹ 70,000 |
| Income from business | ₹ 10,10,000 |
| Short term capital gain | ₹ 10,000 |
| Long term capital loss in respect of assets | ₹ 15,000 |
| Interest on Saving Bank Account | ₹ 14,000 |

70 वर्षीय श्याम, जो दिव्यांग है, की कुल आय एवं कर–दायित्व की गणना कीजिए –

| | |
|---|---|
| मकान सम्पत्ति से आय (गणना की हुई) | 70,000 ₹ |
| व्यापार से आय | 10,10,000 ₹ |
| अल्पकालीन पूँजी लाभ | 10,000 ₹ |
| सम्पत्तियों के संबंध में दीर्घकालीन पूँजी हानि | 15,000 ₹ |
| बचत खाते पर बैंक ब्याज | 14,000 ₹ |

## UNIT –V / इकाई – V

Q.6 Discuss the salient features of assessment of HUF under the Indian Income Tax Act.

भारतीय आयकर अधिनियम के अंतर्गत हिन्दू अविभाजित परिवार के कर–निर्धारण के प्रमुख तत्वों की विवेचना कीजिए।

**OR / अथवा**

Mr. Ravi is liable to pay Advance Income Tax ₹ 50,000 for his estimated total income for the financial year 2018-19. He deposited advance tax on different dates as follows –

(a) On 15th June, 2018 ₹ 5,000

(b) On 15th Sept., 2018 ₹ 15,000

(c) On 15th Dec., 2018 ₹ 10,000

(d) On 15th March, 2019 ₹ 20,000

Find interest liability to Mr. Ravi arising due to delay in payment of advance tax for the assessment year 2019-20 U/S 234 (C).

श्री रवि वित्त वर्ष 2018–19 में अपनी सम्भावित कुल आय पर 50,000 ₹ अग्रिम कर जमा कराने के लिए दायी हैं। उन्होंने विभिन्न तिथियों को निम्नानुसार अग्रिम कर जमा किया –

(अ) 15 जून, 2018 को 5,000 ₹

(ब) 15 सितम्बर, 2018 को 15,000 ₹

(स) 15 दिसम्बर, 2018 को 10,000 ₹

(द) 15 मार्च, 2019 को 20,000 ₹

कर – निर्धारण वर्ष 2019–20 के लिए श्री रवि द्वारा अग्रिम कर चुकाने में हुए विलम्ब के लिए धारा 234 (C) के अंतर्गत देय ब्याज की गणना कीजिए।

# PART – C / खण्ड – स

Q.7 Following are the particulars of taxable income? Shri Hari for the previous year ended on 31st March, 2018 –

(i) Royalty received from govt. of India ₹ 30,000.

(ii) Income from business earned in Japan ₹ 25,000 of which ₹ 15,000 were received in India. Business is controlled from India.

(iii) Interest received from Shri Aditya a non-resident against a loan provided to him to run a business in India ₹ 10,000.

(iv) Royalty received from Shri Alfan a resident for technical services provided to run a business outside India ₹ 20,000.

(v) Income from business in Jaipur ₹ 40,000 this business is controlled from France ₹ 20,000 were remitted to France.

Find out gross Total Income of Shri Hari for the assessment year 2018-19 if he is –

(a) Resident of India

(b) Not ordinarily resident of India

(c) Non resident of India in previous years

श्री हरि की 31 मार्च, 2018 को समाप्त होने वाले गत वर्ष के लिए कर योग्य आय का निम्न प्रकार विवरण है –

(i) भारत सरकार से प्राप्त रॉयल्टी 30,000 ₹ ।

(ii) जापान में व्यापार से आय 25000 ₹ इसमें से 15,000 ₹ भारत में प्राप्त किये गये। इस व्यापार का नियंत्रण भारत से होता है।

(iii) श्री आदित्य एक अनिवासी से भारत में संचालित व्यापार के लिये दिये गये ऋण पर ब्याज 10,000 ₹ ।

(iv) श्री अल्फान एक निवासी से भारत के बाहर संचालित व्यापार के लिए प्रदान की गई तकनीकी सेवा के लिए प्राप्त रॉयल्टी 20,000 ₹ ।

(v) जयपुर में एक व्यापार से आय 40,000 ₹, इस व्यापार का नियंत्रण फ्रांस से किया जाता है। इस राशि में से 20,000 ₹ फ्रांस भेज दिये गये।

कर निर्धारण वर्ष 2018–19 के लिए श्री हरि की सकल कुल आय की गणना कीजिए यदि वह गत वर्ष में भारत का –

(अ) निवासी हो

(ब) असाधारण निवासी हो, या

(स) पूर्व वर्षों में अनिवासी हो।

Q.8 Shri Manoj Kumar is getting ₹ 15,000 p.m. as basic pay, ₹ 1500 p.m. as dearness pay and ₹ 500 p.m. as dearness allowance. During the previous year he received the following allowance also –

(i) ₹ 60,000 as allowance as on duty during the running of truck.

(ii) ₹ 120 p.m. per son as education allowance of his two sons.

(iii) ₹ 350 p.m. per son as Hostel Allowance of his two sons.

(iv) ₹ 350 p.m. as Tribal Area Allowance.

(v) ₹ 100 p.m. as conveyance allowance which is used by him for private purpose.

(vi) ₹ 3000 p.m. as House Rent Allowance.

Shri Manoj Kumar has taken a house for his residence at Banswara at ₹ 4000 p.m. as rent. He contributes 12% of his basic pay and dearness pay to his Recognised Provident fund and the employer also contributes a similar amount.

Compute the taxable salary of Shri Manoj Kumar for the Assuming year 2018-19.

श्री मनोज कुमार को 15,000 ₹ प्रति माह मूल वेतन, 1500 ₹ प्रतिमाह मंहगाई वेतन तथा 500 ₹ प्रति माह मंहगाई भत्ता प्राप्त हो रहा है। गत वर्ष में उसे निम्न भत्ते भी प्राप्त हुए –

(i) चलते ट्रक में डयूटी करने के लिए 60,000 ₹ का भत्ता।

(ii) शिक्षा के लिए 120 ₹ प्रतिमाह प्रति पुत्र दो पुत्रों के लिए।

(iii) 350 ₹ प्रतिमाह प्रति पुत्र छात्रावास भत्ता दो पुत्रों के लिए।

(iv) जनजाति क्षेत्र भत्ता 350 ₹ प्रतिमाह।

(v) सवारी भत्ता 100 ₹ प्रतिमाह व्यक्तिगत कार्य हेतु।

(vi) मकान किराया भत्ता 3000 ₹ प्रतिमाह।

श्री मनोज कुमार ने अपने रहने के लिए एक मकान बांसवाड़ा में 4000 ₹ प्रतिमाह के किराये पर लिया हुआ है। वह अपने प्रमाणित प्रॉविडेण्ट फण्ड में मूल वेतन तथा महंगाई वेतन का 12% अंशदान करता है तथा नियोक्ता भी इतना ही अंशदान करता है।

कर निर्धारण वर्ष 2018–19 के लिए श्री मनोज कुमार की कर योग्य वेतन की गणना कीजिए।

Q.9 Mention the expenses which are expressly allowed and disallowed while computing income from business.

व्यवसाय से आय की गणना करते समय स्पष्टतः स्वीकृत और अस्वीकृत व्ययों को बताइये।

Q.10 Explain in brief the deductions allowed to an assessee in respect of various payments while computing his total income.

करदाता की कुल आय की गणना करते समय विभिन्न प्रकार के भुगतानों के संबंध में दी जाने वाली कटौतियों को संक्षेप में समझाइए।

Q.11 Rahul, Vipul and Amardeep are partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3:2:1. The Profit and Loss Account of the firm for the year ending on 31st March, 2018 is as follows -

एक फर्म में राहुल, विपुल तथा अमरदीप साझेदार हैं, जो 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ हानि का विभाजन करते हैं। 31 मार्च, 2018 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए उनकी फर्म का लाभ हानि खाता निम्नलिखित प्रकार से हैं –

Profit and Loss Account ended on 31st March, 2018:

| Particulars | ₹ | Particulars | ₹ |
|---|---|---|---|
| Office expenses | 44,000 | Gross profit | 1,36,000 |
| Rent | 8,000 | Sundry receipts | 12,000 |
| General expenses | 28,000 | Discount | 25,600 |
| Interest on capital @ 24% | | Net loss | 50,400 |
| Rahul | 30,000 | | |
| Vipul | 27,000 | | |
| Amardeep | 28,400 | | |
| Salary to Vipul | 33,000 | | |
| Commission to Amardeep | 25,600 | | |
| | 2,24,000 | | 2,24,000 |

As certain the total income of the firm for the assessment year 2018-19 assuming that the interest on capital and remuneration to partners is paid according to terms of the partnership deed. Vipul and Amardeep are working partners.

कर निर्धारण वर्ष 2018–19 के लिए फर्म की कुल आय यह मानते हुए ज्ञात कीजिए कि साझेदारों की पूँजी पर ब्याज एवं पारिश्रमिक संलेख की शर्तों के अनुसार दिया गया है। विपुल एवं अमरदीप सक्रिय साझेदार हैं।

----------------------------------------